बिहार सरकार
पर्यटन निदेशालय
एक्सटेंशन भवन, बी. ब्लॉक, प्रथम तल, मुख्य सचिवालय, पटना–800015
फोनः–0612–2217045, Email-dir-tourism-bih@nic.in

हमारा बिहार

BIHAR TOURISM
Blissful Bihar

आवंटन

पत्रांक :– TDRT/45020/02-2013........................ दिनांक ....

प्रेषक,

उदयन मिश्रा,भा.प्र.से.
निदेशक, पर्यटन,
बिहार, पटना।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय :– **मधुबनी जिलान्तर्गत मिथिला महोत्सव, 2026 के आयोजन अवसर पर स्टेज, दीर्घा लाईट एंड साउण्ड, बैठने की व्यवस्था, बैरेकेडिंग, आमंत्रण कार्ड मुद्रण, प्रचार–प्रसार एवं कलाकारों के चयन, मानदेय तथा अन्य विविध कार्यो के संपादन हेतु राशि 24,20,000/– (चौबीस लाख बीस हजार रूपये) मात्र का आवंटन की स्वीकृति।**

आदेश :– **स्वीकृत।**

1. इस राशि की निकासी वित्तीय वर्ष 2025–26 के आय व्ययक द्वारा प्राप्त राज्य योजना बजट उपबंध मुख्य शीर्ष–3452 पर्यटन, उप मुख्य शीर्ष–80–सामान्य, लघु शीर्ष–104–संवर्धन तथा प्रचार, उप शीर्ष–0103–पर्यटकीय विकास, 26.01–विज्ञापन एवं प्रकाशन, विपत्र कोड संख्या–46–3452801040103 में उपबंधित आवंटित राशि से की जाएगी।
2. किसी भी परिस्थिति में आवंटित राशि का विचलन अन्य कार्यों में नहीं किया जायेगा। आवंटित राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र ससमय निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।
3. जिला पदाधिकारी, मधुबनी के पत्रांक–338/जि0वि0, दिनांक–11.03.2026 के माँग के आलोक में 24,20,000/– (चौबीस लाख बीस हजार रूपये) का अतिरिक्त आवंटन उपलब्ध कराया जा रहा है। उक्त राशि की निकासी चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में कर ली जाय।
4. आयोजन हेतु पर्यटन विभाग द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया का अनुपालन किया जाएगा।
5. आयोजन से संबंधित हाई रिज्योलूशन फोटोग्राफ, कार्यक्रम की वीडियोग्राफी हार्ड तथा सॉफ्ट कॉपी में अविलंब उपलब्ध कराया जाय, ताकि विभिन्न माध्यमों से प्रचार–प्रसार सुनिश्चित कराया जा सके।

ह०/–
निदेशक, पर्यटन

ज्ञापांक :– TDRT/45020/02-2013 85 दिनांक 17/03/2026

प्रतिलिपि :– 1. जिला पदाधिकारी, मधुबनी को सूचनार्थ प्रेषित।

2. कोषागार पदाधिकारी, जिला कोषागार, मधुबनी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/लेखा–शाखा, पर्यटन निदेशालय, निदेश दिया जाता है कि CFMS प्रणाली के माध्यम से आवंटन उपलब्ध कराया जाय/आई.टी.मैनेजर, पर्यटन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक, पर्यटन